पुर गांव के एक भाग को बिना मुआवजा दिए ही छावनी क्षेत्र में शामिल कर लिया गया था ;

(ख) क्या उक्त भूमि का पट्टे पर अधिकरण करते समय तथा स्वामित्व अधिकार किसानों को ही देते समय वर्ष 1863 तथा 1864 में बन्दोबस्त न्यायालय के माध्यम से वहां के लोगों के साथ एक संयुक्त समझौता कर लिया गया था ;

(ग) क्या 1882 में दूसरा समझौता करते समय उपरोक्त (ख) भाग में वर्णित समझौते की दृष्टि से किसानों को निष्कासन के नोटिस जारी नहीं किए गए थे ;

(घ) क्या सरकार को जब कभी भूमि की आवश्यकता होती है तो वह उसे मुआवजा दे कर ही प्राप्त करती है ;

(ङ) क्या छावनी अधिकारियों तथा जबलपुर के एम० ई० ओ० ने एक वृद्ध कृषक को उसके प्लाट संख्या 65, 1863 तथा 1864 के खसरा संख्या 1278 से बिना मुआवजा दिए ही निकाल दिया था ; और

(च) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्य-वाही की गई है ?

रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (च). सूचना इकट्ठी की जा रही है और उसको सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

जबलपुर छावनी क्षेत्र से निष्कासित किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान

3846. **डा० गोविन्द दास** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनेकों किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान किये बिना जबलपुर छावनी क्षेत्र से छावनी अधिनियम की धारा 280 और 286 के अन्तर्गत निष्कासित किया गया है ;

(ख) क्या अधिकारियों को यह अधिकार है कि वे क्षतिपूर्ति का भुगतान किये बिना, जैसाकि 1863 और 1864 के सैटलमेंट कोर्ट के समझौते, जो जनता तथा अधिकारियों के बीच हुआ था, में व्यवस्था की गई है, किसानों को निकाल सकते हैं ;

(ग) क्या जबलपुर छावनी से निष्कासित किसानों से क्षतिपूर्ति के लिए और प्रदेश में अपनी भूमि वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिये हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उनके प्रार्थना पत्रों पर क्या कार्यवाही की गई है ?

रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और उसको सभा के पटल पर रख दिया जाएगा ।

Allotment of Paraffin Wax

3847. SHRI ROBIN KAKOTI: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) the names of the parties or persons to whom allotment of paraffin wax was made from tha Central Government pool or quota for the year 1969-70 and 1971 (up-to the end of May, 1971) State-wise and quantity-wise ;

(b) the number of pending applications from various States, particularly Assam State (names of the parties, quantity applied for) ; and

(c) whether Government have made any inquiry whether the parties or persons to whom paraffin wax has been allotted during the said period, used the allotted quantity for manufacturing candles etc., or sold the wax in the black market ?

THE MINISTER OF PETROLEUM ANN CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) Central Government have no pool or quota of paraffin wax.

(b) and (c). Do not arise.